मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त जिलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक

मृदुल पत्रिका

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिंटिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307

जयपुर, सोमवार, 31 जुलाई, 2023 | dainikmridulpatrika@gmail.com

उज्ज्वल राजस्थान प्रदर्शनी में सीएसआईआर ने जीता सर्वश्रेष्ठ सूचनाप्रद स्टॉल का पुरस्कार

उदयपुर के सांसद अर्जुन लाल मीणा ने किया सम्मानित

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। राजस्थान के उदयपुर में आयोजित उज्ज्वल राजस्थान प्रदर्शनी में सीएसआईआर ने सर्वश्रेष्ठ सूचनाप्रद स्टॉल का पुरस्कार जीता। 25 से 27 जुलाई 2023 के दौरान आयोजित तीन-दिवसीय प्रदर्शनी में सीएसआईआर के स्टॉल को जानकारी देने वाले सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के रूप में सराहना मिली। प्रदर्शनी में आने वाले विद्यार्थियों अतिथियों एवं अन्य आगंतुकों ने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा जनहित में किए जा रहे शोध कार्यों की प्रशंसा की।

समापन सत्र में उदयपुर के लोकसभा सांसद अर्जुन लाल मीणा ने सीएसआईआर को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। सीरी के वैज्ञानिक डॉ विजय चटर्जी ने सीएसआईआर की ओर से यह ट्रॉफी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीणा ने देश के विकास में सीएसआईआर के योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। गौरतलब है कि प्रदर्शनी में 50 से अधिक संस्थाओं एवं संगठनों ने प्रदर्शनी में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में पिलानी स्थित सीएसआईआर-सीरी और भावनगर स्थित सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई ने सीएसआईआर का प्रतिनिधित्व किया। सीरी की ओर से दूध और शहद में मिलावट का पता लगाने के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक पोस्टरों के माध्यम से सीरी की अन्य प्रौद्योगिकियों का भी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में संस्थान में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम शिल्प के अलावा विज्ञान गांव की ओर कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई।

सीएसआईआर - सीएमसीआरआई ने भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के जनमानस को लाभान्वित करने के लिए विकसित नमक समुद्री एवं पर्यावरण हितैषी हरित रसायनों से संबंधित प्रौद्योगिकियों की जानकारी दी।